# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 19.04.2026 प्रसारण समय : 19:20 बज

---

**मुख्य समाचार :–**

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– विपक्षो दलों द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध 'अक्षम्य पाप' : केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा– काला दिवस के रूप में जाना जायेगा 17 अप्रैल।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 29 अप्रैल को हरदोई में प्रस्तावित कार्यक्रम में गंगा एक्सप्रेस–वे का करेंगे लोकार्पण : प्रदेश की कनेक्टिविटी को मिलेगी रफ्तार।
3. ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने तकनीकी समिति की रिपोर्ट आने तक स्मार्ट मीटर पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का दिया निर्देश : जीरो बलेंस पर भी जारी रहेगी विद्युत आपूर्ति।

और

4. प्रदेश भर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जा रही है अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन विधेयक पारित नहीं होने देने पर विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने लखनऊ में भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन द्वारा किया गया यह कृत्य न केवल नारी सम्मान के खिलाफ है, बल्कि "अक्षम्य पाप" है, जिसके लिए देश की नारी शक्ति उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। मुख्यमंत्री ने इसे लोकतंत्र और महिला सम्मान, दोनों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह आचरण विपक्ष की नारी–विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। बाइट सीएम.....

*पूरा उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री मोदी जी के साथ खड़ा है। उनका आभार व्यक्त करता है, उनका अभिनंदन करता है। उनके इस प्रयास की सराहना भी करता है और इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की नारी शक्ति के मन में जो आक्रोश है कांग्रेस और इंडी गठबंधन के प्रति, उनके कृत्यों के प्रति उस आक्रोश में पूरा एनडीए एकजुट होकर के उत्तर प्रदेश की आधी आबादी के साथ खड़ा है। यह लगातार धरना प्रदर्शन आंदोलन प्रारंभ हुए हैं। लोकतांत्रिक तरीके से सारे कार्यक्रम चल रहे हैं। कांग्रेस को, समाजवादी पार्टी को और इंडी गठबंधन के अन्य दलों को अपनी इस कृत्य के लिए माफी मांगनी चाहिए। उनका यह कृत्य अक्षम्य है।*

————————————

लखनऊ स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में केंद्रीय मंत्री अन्नपूणा देवी ने भी नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्षी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक पर हुई चर्चा सार्थक

रही, लेकिन विपक्षी दलों ने बिल का विरोध कर महिलाओं की आकांक्षाओं को ठेस पहुंचाई। इसके लिए 17 अप्रैल काला दिवस के रूप में जाना जाएगा।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत लखनऊ में आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा उत्तर प्रदेश' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी गौरवशाली सनातन विरासत और आधुनिक विकास के नए युग में एक साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सदियों के आक्रमणों के बावजूद सनातन आस्था अडिग रही और पुनः अपने स्वाभिमान के शिखर पर स्थापित हो रही है। बाइट.....

*यह हमारा सौभाग्य है कि आज पूरा देश भारत के स्वस्थ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में अपनी गौरवशाली विरासत के साथ साथ आधुनिक विकास के नए युग में प्रवेश किया है। आज का यह आयोजन इस बात का प्रतीक है। एक हजार वर्ष के बाद जब हम देखते हैं तो भारत की सनातन आस्था पूरी मजबूती के साथ दुनिया के अंदर कदम से कदम मिलाकर के आगे बढ़ रही है। लेकिन आक्रांताओं का कोई नामो निशान इस धरती पर नहीं बचा हुआ है।*

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत बलरामपुर और फर्रूखाबाद सहित प्रदेश के कई जिलों में श्रद्धालुओं का दल निःशुल्क सोमनाथ मंदिर दर्शन यात्रा पर रवाना हुआ।

——————————

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 29 अप्रैल को हरदोई में प्रस्तावित कार्यक्रम में गंगा एक्सप्रेस–वे का लोकार्पण करेंगे। इससे प्रदेश की कनेक्टिविटी को रफ्तार मिलेगी। वर्ष 2020 में मंत्रिपरिषद से स्वीकृति मिलने के बाद इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया गया और रिकॉर्ड समय में इसे साकार करने की दिशा में कार्य हुआ। एक रिपोर्ट....**

*गंगा एक्सप्रेस–वे की कुल लंबाई 594 किलोमीटर है, जो मेरठ के बिजौली गांव से शुरू होकर प्रयागराज के जुडापुर दांदू गांव के पास समाप्त होगा। यह मार्ग पश्चिमी उत्तर प्रदेश को सीधे पूर्वी हिस्से से जोड़ते हुए प्रदेश के आर्थिक और सामाजिक ताने–बाने को मजबूत करेगा और यात्रा को तेज, सुरक्षित और सुगम बनाएगा। इस एक्सप्रेस–वे से मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, सम्भल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज जैसे 12 प्रमुख जिलों को सीधा लाभ मिलेगा। इन जिलों के 519 गांव इस परियोजना से जुड़े हैं। दीपाली सिंह आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

————————

**सर्वोच्च न्यायालय ने देश भर में सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। न्यायालय ने कहा कि प्रशासनिक चूक या बुनियादी ढांचे की कमी के कारण एक्सप्रेस–वे खतरे का गलियारा नहीं बनना चाहिए। न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और ए.एस. चंदुरकर की पीठ ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को राजमार्गों पर सुरक्षा में सुधार के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया।**

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने तकनीकी समिति की रिपोर्ट आने तक पुराने मीटरां को स्मार्ट मीटर में बदलने की प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का निर्देश दिया है। श्री शर्मा ने कहा कि जहां स्मार्ट मीटर लगाये गए हैं, वहां लगभग 45 दिन तक किसी भी उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। इसके साथ ही जीरो बैलेंस पर भी बिजली आपूर्ति जारी रहेगी। ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा ने आज लखनऊ में आयोजित समीक्षा बैठक में बताया कि उपभोक्ताओं को समय पर जानकारी उपलब्ध कराने के लिए 5—स्तरीय एसएमएस अलर्ट प्रणाली लागू की जाएगी।

——————————

अयोध्या में माँ सरयू की आरती को और आकर्षक तथा व्यवस्थित बनाने के लिए नया ड्रेस कोड लागू किया गया

है। अब अयोध्या के सरयू नदी तट पर होने वाली आरती में पुजारी सप्ताह के सातों दिन अलग–अलग रंगों के वस्त्र धारण करेंगे। नित्य सरयू आरती संस्था के अध्यक्ष महंत शशिकांत दास ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य आरती को भक्ति के साथ–साथ सौंदर्य और सांस्कृतिक अनुभव से भी जोड़ना है, जिससे श्रद्धालुओं को एक अद्भुत आध्यात्मिक वातावरण मिलगा। बाइट....

*जिस तरह से मठ मंदिरों में भगवान के नित्य प्रति के पोशाक हैं, वस्त्र हैं उसी तरह से माँ सज्जन जी की आरती में भी प्रतिदिन के हिसाब से जैसे आज रविवार है, आज सफेद वस्त्र होना चाहिए भगवान। उसी तरह से माँ सज्जन जी की वेदी पर और पुजारियों का वस्त्र भी दिन के हिसाब से रखा गया है।*

——————————

अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जयंती आज प्रदेश भर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जा रही है। काशी के प्राचीन विष्णु तीर्थ बिंदु माधव मंदिर में भगवान विष्णु की भव्य आरती उतारी गई, इसके साथ ही माता लक्ष्मी और विघ्नहर्ता गणेश जी का विधिवत प्ूजन–अर्चन की गई। वहीं अमरोहा में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव ऐतिहासिक वासुदेव तीर्थ स्थल स्थित मंदिर में मनाया गया। पीलीभीत, गोरखपुर, चित्रकूट और फर्रूखाबाद में भी कार्यक्रमों का आयोजन गया किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इटावा और हमीरपुर में भव्य शोभायात्राएं निकाली गई।

अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ आज से उत्तराखंड में वार्षिक चार धाम यात्रा की शुरुआत हो गई।

———————

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि अगले चार–पांच दिनों के दौरान प्रदेश में लगभग सभी जिलों में लू चलने और दिन का तापमान 40 डिग्री से अधिक रहने की संभावना है।

बाइट.....

*प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तापमान चालीस क्रॉस कर गया है। यूपी में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कल से अगले चार दिनों के लिए लू का अलर्ट है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले पांच दिनों के लिए लू का अलर्ट है। तो कहीं ना कहीं आने वाले चार पांच दिनों के लिए लू का अलर्ट है और तापमान देश के अधिकांश हिस्सों में चालीस के क्रॉस रहेगा। वहीं अगर हम दक्षिणी पार्ट की बात करें तो वहां 43 से 45 के रेंज में तापमान रहेगा। तो कुल मिलाकर कहें तो आने वाले अगले चार से पांच दिन गर्मी का असर उत्तर प्रदेश में बरकरार रहेगा।*

वहीं चंदौली में बढ़ते तापमान के कारण जिलाधिकारी ने कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूलों का समय सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक निर्धारित कर दिया है।

———————

इंडियन प्रीमियर लीग–2026 में आज दूसरे मुकाबल में पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच न्यू

पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में मैच खेला जा रहा है। लखनऊ सुपर जायंट्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है।

———————————